श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

दिनांक २४.११.२०२३ को पूर्वाह्न ११:३० बजे आयोजित विद्यापरिषद् की आठवीं (विशेष) बैठक का कार्यवृत्त।

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), नई दिल्ली की विद्या परिषद् की आठवीं (विशेष) बैठक दिनांक 24.11.2023 को पूर्वाह्न 11.30 बजे कुलपति महोदय की अध्यक्षता में द्विप्रकारक (ऑफलाइन/ऑनलाइन) उपस्थिति के माध्यम से वाचस्पति सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. मुरलीमनोहर पाठक | अध्यक्ष | |
| 2. प्रो. बनारसी त्रिपाठी | बाह्य सदस्य | (ऑनलाईन) |
| 3. प्रो. मनोज कुमार मिश्र | बाह्य सदस्य | |
| 4. प्रो. जयकान्त सिंह शर्मा | सदस्य | |
| 5. प्रो. सदन सिंह | सदस्य | |
| 6. प्रो. शीतला प्रसाद शुक्ल | सदस्य | |
| 7. प्रो. ए.एस. आरावमुदन | सदस्य | |
| 8. प्रो. सुखदेव भोई | सदस्य | |
| 9. प्रो. मीनू कश्यप | सदस्या | |
| 10. प्रो. पीयूष कान्त दीक्षित | सदस्य | |
| 11. प्रो. वीर सागर जैन | सदस्य | |
| 12. प्रो. सुदीप कुमार जैन | सदस्य | |
| 13. प्रो. देवी प्रसाद त्रिपाठी | सदस्य | |
| 14. प्रो. यशवीर सिंह | सदस्य | |
| 15. प्रो. मारकण्डेनाथ तिवारी | सदस्य | |
| 16. प्रो. देवेन्द्र प्रसाद मिश्र | सदस्य | |
| 17. प्रो. नीलम ठगेला | सदस्या | |
| 18. प्रो. प्रभाकर प्रसाद | सदस्य | |
| 19. प्रो. वृन्दावन दाश | सदस्य | |
| 20. प्रो. राम सलाही द्विवेदी | सदस्य | |

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

21. प्रो. सुमन कुमार झा — सदस्य
22. प्रो. संगीता खन्ना — सदस्या
23. डॉ. एस. सुदर्शन — सदस्य
24. डॉ. अभिषेक तिवारी — सदस्य
25. डॉ. राम चन्द्र शर्मा — सदस्य
26. डॉ. तारकेश्वर नाथ गिरि — विशेष आमंत्रित सदस्य
27. प्रो. प्रेम कुमार शर्मा — कुलसचिव (प्रभारी) एवं सचिव

प्रो. मृदुला त्रिपाठी, प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, प्रो. के. अनन्ता, प्रो. शिवशंकर मिश्र, डॉ. आदेश कुमार, प्रो. भागीरथि नन्द, प्रो. रचना मोहन वर्मा एवं प्रो. जगदेव कुमार शर्मा किन्हीं कारणवश विद्यापरिषद् की बैठक में सम्मिलित नहीं हो सके।

प्रो. ए.एस. अरावमुदन, पीठ प्रमुख (दर्शन शास्त्र) के मंगलाचरण उपरान्त बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

प्रो. मुरलीमनोहर पाठक, अध्यक्ष, विद्या परिषद् द्वारा विद्या परिषद् में उपस्थित बाह्य सदस्यों एवं अन्य सभी सदस्यों का अभिनन्दन किया गया तथा सभी सदस्यों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में अधिक से अधिक सुझाव एवं मार्गनिर्देशन प्रदान करने का अनुरोध किया गया जिससे विश्वविद्यालय को उन्नति के मार्ग पर आरुढ़ किया जा सके। कुलपति महोदय के आदेशानुसार डॉ. टी.एन. गिरि (परीक्षा नियंत्रक) द्वारा विद्या परिषद् की आठवीं (विशेष) बैठक के लिए तैयार कार्यसूची को क्रमानुसार प्रस्तुत किया गया।

**संकल्प संख्या ८.१: केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय घोषित होने के उपरान्त प्रथम दीक्षान्त समारोह में छात्रों को प्रदान की जानी वाली उपाधियों की सूची विद्या परिषद् की स्वीकृति हेतु सादर प्रस्तुत।**

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी राजपत्रित अधिसूचना संख्या 4-4/2018-skt-II dated 17-4-2020 के अनुसार श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ, मानित विश्वविद्यालय को श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्याल, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में दिनांक 30.4.2020 से कार्य प्रारम्भ करने हेतु जारी की। उसके अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या ॥ (149) LBSV/Admn/2019-20/20 दिनांक 30.4.2020 से केन्द्रीय विश्वविद्यालय के रूप में उक्त तिथि से कार्य करना प्रारम्भ किया जा चुका है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट 2020 में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षान्त हेतु तैयार अध्यादेश में प्रदत्त प्रावधानों के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 05.12.2023 को विश्वविद्यालय परिसर में केन्द्रीय विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जा रहा है।

माननीय कुलपति महोदय द्वारा विद्या परिषद् के सदस्यों को अवगत करवाया गया कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी से अनुरोध किया

सत्यापित
VERIFIED
कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

गया था जिसे उन्होंने सहर्ष स्वीकार कर लिया है तथा माननीय शिक्षामंत्री धर्मेंद प्रधान जी ने समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में आने की स्वीकृति प्रदान की है।

शैक्षणिक सत्र 2017-18 से 2022-23 तक उत्तीर्ण छात्रों को प्रदान की जानी वाली उपाधियों का विवरण निम्न प्रकार से है:

| क्रम | कक्षा | २०१८ | २०१९ | २०२० | २०२१ | २०२२ | २०२३ | विषय वार कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | शास्त्री | 95 | 63 | 57 | 123 | 88 | 79 | 505 |
| 2 | बी.ए.योग | - | - | - | 34 | 34 | 21 | 89 |
| 3 | आचार्य | 35 | 57 | 76 | 72 | 100 | 63 | 403 |
| 4 | एम.ए. योग | - | - | 84 | 46 | 46 | 43 | 219 |
| 5 | एम.ए. हिन्दू अध्ययन | - | - | - | - | - | 1 | 1 |
| 6 | एम.ए. हिन्दी | - | - | - | - | - | 5 | 5 |
| 7 | शिक्षाशास्त्री | 187 | 194 | 199 | 195 | 187 | 180 | 1142 |
| 8 | शिक्षाचार्य | 10 | 5 | 7 | 8 | 13 | 20 | 63 |
| 9 | विशिष्टाचार्य | 70 | 54 | - | - | 44 | 0 | 168 |
| 10 | विद्यावारिधि | 25 | 50 | 31 | 39 | 43 | 54* | 242 |
| 11 | प्रमाणपत्रीय / डिप्लोमा | 218 | 287 | 320 | 256 | 231 | 264 | 1576 |
| | | | | | | | कुल योग | 4413 |

*Ph.D 2023 no. of students i.e. 54 is as on 20.11.2023

विद्यापरिषद् द्वारा उपरोक्त विवरणानुसार प्रदान की जानी वाली उपाधियों की स्वीकृति प्रदान की गई तथा 21.11.2023 से 30.11.2023 तक जिन शोध छात्रों की वाक् परीक्षा सम्पन्न हो गई, उनको भी दिनांक 5.12.2023 को भी दीक्षान्त समारोह के अवसर पर उपाधि प्रदान करने की विद्या परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई।

**संकल्प संख्या ८.२: केन्द्रीय विश्वविद्यालय घोषित होने के उपरान्त प्रथम दीक्षान्त समारोह में प्रदान की जाने वाली मानद उपाधियों के नामों की कुलाधिपति द्वारा अनुमोदित सूची विद्या परिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।**

देश के प्रतिष्ठित संस्कृत विद्वानों तथा शिक्षाविदों को मानद उपाधि प्रदान करने हेतु कुलपति महोदय की अध्यक्षता में गठित समिति की बैठक दिनांक 17.11.2023 को आहूत की गयी। जिसमें लिये गये निर्णय के

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
New Delhi-110016

अनुसार विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षान्त समारोह के अवसर पर कुछ विशिष्ट विद्वानों को महामहोपाध्याय एवं वाचस्पति मानद उपाधियाँ प्रदान करने हेतु समिति द्वारा पारित संस्तुतियों पर माननीय कुलाधिपति द्वारा स्वीकृति प्राप्त की गई।

महामहोपाध्याय

1. प्रो. केशव राम शर्मा, आचार्य, हिमाचल प्रदेश
2. प्रो. हृदयरंजन शर्मा, उत्तर प्रदेश
3. प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, मध्य प्रदेश
4. प्रो. मिथिलाप्रसाद त्रिपाठी, मध्य प्रदेश

वाचस्पति

1. डॉ. मोहन गुप्त, मध्य प्रदेश
2. प्रो. नवल किशोर अम्बष्ट, उत्तर प्रदेश
3. प्रो. वेदप्रकाश उपाध्याय, पंजाब
4. प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्र, उड़ीसा

सर्वसम्मति से उपर्युक्त विशिष्ट विद्वानों को मानद उपाधि प्रदान करने हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय एक्ट-2020 एवं सम्बन्धित अध्यादेश में प्रदत्त प्रावधानों के अनुसार मानद उपाधि प्रदान करने की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव कार्य परिषद् की बैठक में प्रस्तुत करने हेतु विद्या परिषद् द्वारा अनुशंसा की गई।

संकल्प संख्या ८.३. कुलपति महोदय की स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 शिक्षाशास्त्री (चतुर्थ सैमेस्टर) नियमित एवं पुनः परीक्षार्थियों तथा एकवर्षीय पौरोहित्य (कर्मकाण्ड) डिप्लोमा (द्वितीय सैमेस्टर) के छात्रों की परीक्षाओं का परिणाम दिनांक 21.07.2023 (अधिसूचना -02/2023) को जारी किया जा चुका है। परीक्षा मण्डल की संस्तुतियों एवं परीक्षा परिणाम विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

परीक्षा विभाग द्वारा शिक्षाशास्त्री (चतुर्थ सैमेस्टर), एकवर्षीय पौरोहित्य (कर्मकाण्ड) डिप्लोमा (द्वितीय सैमेस्टर) एवं पुनः परीक्षाएं आयोजित की गयीं। निर्धारित प्रक्रियानुसार परीक्षा परिणाम घोषित करने हेतु परीक्षा मण्डल द्वारा लिए गए निर्णयानुसार विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा परिणाम घोषित करने की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गयी।

संकल्प संख्या ८.४. परीक्षा मण्डल की संस्तुति एवं कुलपति महोदय की स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 से सम्बन्धित छात्रों की जून/जुलाई माह में शास्त्री, बी.ए. योग (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सैमेस्टर), आचार्य, एम.ए. योग, हिन्दी, हिन्दू अध्ययन, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य (द्वितीय एवं चतुर्थ

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सैमेस्टर) के छात्रों की परीक्षाओं का दिनांक 18.08.2023 (अधिसूचना -03/2023) को जारी किया जा चुका है। परीक्षा मण्डल की संस्तुतियाँ एवं परीक्षा परिणाम विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

शैक्षणिक-सत्र 2022-23 के शास्त्री, बी.ए.योग (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठ सैमेस्टर), आचार्य, एम.ए. योग, हिन्दी, हिन्दू अध्ययन, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षाशास्त्री एवं शिक्षाचार्य की परीक्षाएं (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर) के छात्रों की परीक्षाएं करवाई गई तथा परीक्षा मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

संकल्प संख्या ८.५. परीक्षा मण्डल की संस्तुति एवं कुलपति महोदय की स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 से सम्बन्धित छात्रों की जून/जुलाई माह में आयोजित की गई शास्त्री चतुर्थ सैमेस्टर की विशेष परीक्षा एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के एकवर्षीय कम्प्यूटर एप्लीकेशन डिप्लोमा, एकवर्षीय भैषज्य ज्योतिष डिप्लोमा, एकवर्षीय संस्कृत व्याकरण प्रशिक्षण एवं सम्भाषण डिप्लोमा, एकवर्षीय ज्योतिष प्राज्ञ डिप्लोमा, एकवर्षीय वास्तुशास्त्र डिप्लोमा, पी.जी.योग डिप्लोमा, पी.जी.योग एवं नैचुरोपैथी डिप्लोमा (द्वितीय सैमेस्टर), द्विवर्षीय ज्योतिष भूषण डिप्लोमा एवं द्विवर्षीय वास्तुशास्त्र पी.जी.डिप्लोमा (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर) के छात्रों की परीक्षाओं का दिनांक ०६.०९.२०२३ (अधिसूचना -०४/२०२३) को जारी किया जा चुका है। परीक्षा मण्डल की संस्तुतियाँ एवं परीक्षा परिणाम विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

शैक्षणिक सत्र 2022-23 से सम्बन्धित छात्रों की जून/जुलाई माह में आयोजित की गई शास्त्री चतुर्थ सैमेस्टर की विशेष परीक्षा एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के एकवर्षीय कम्प्यूटर एपलीकेशन डिप्लोमा, एकवर्षीय भैषज्य ज्योतिष डिप्लोमा, एकवर्षीय संस्कृत व्याकरण प्रशिक्षण एवं सम्भाषण डिप्लोमा, एकवर्षीय ज्योतिष प्राज्ञ डिप्लोमा, एकवर्षीय वास्तुशास्त्र डिप्लोमा, पी.जी.योग डिप्लोमा, पी.जी.योग एवं नैचुरोपैथी डिप्लोमा (द्वितीय सैमेस्टर), द्विवर्षीय ज्योतिष भूषण डिप्लोमा एवं द्विवर्षीय वास्तुशास्त्र पी.जी.डिप्लोमा (द्वितीय एवं चतुर्थ सैमेस्टर) के छात्रों की परीक्षाएं करवाई गई तथा परीक्षा मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

संकल्प संख्या ८.६. परीक्षा मण्डल की संस्तुति एवं कुलपति महोदय की स्वीकृति अनुसार शैक्षणिक सत्र 2022-23 से सम्बन्धित छात्रों की अक्टूबर माह में शास्त्री एवं बी.ए. योग, आचार्य एवं एम.ए.-योग, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के एकवर्षीय कम्प्यूटर एप्लीकेशन डिप्लोमा, एकवर्षीय ज्योतिय प्राज्ञ डिप्लोमा, पी.जी.योग डिप्लोमा, पी.जी.योग एवं नैचुरोपैथी डिप्लोमा एवं द्विवर्षीय ज्योतिष भूषण डिप्लोमा की पूरक परीक्षा एवं विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम की परीक्षाओं के छात्रों की परीक्षाओं का दिनांक 30.10.2023 (अधिसूचना -05/2023) को जारी किया जा चुका है। परीक्षा मण्डल की संस्तुतियाँ एवं परीक्षा परिणाम विद्यापरिषद् की पुष्टि हेतु प्रस्तुत।

शैक्षणिक सत्र 2022-23 से सम्बन्धित छात्रों की अक्टूबर माह में शास्त्री एवं बी.ए. योग, आचार्य एवं एम.ए. योग, शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य एवं अंशकालीन पाठ्यक्रम के एकवर्षीय कम्प्यूटर एप्लीकेशन डिप्लोमा, एकवर्षीय ज्योतिय प्राज्ञ डिप्लोमा, पी.जी.योग डिप्लोमा, पी.जी.योग एवं नैचुरोपैथी डिप्लोमा एवं द्विवर्षीय ज्योतिष भूषण डिप्लोमा की पूरक परीक्षा एवं विद्यावारिधि सत्रीय पाठ्यक्रम की परीक्षाएं करवाई गई तथा

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

परीक्षा मण्डल द्वारा लिये गये निर्णयों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई।

संकल्प संख्या ८.७. केन्द्रीय विश्वविद्यालय घोषित होने के उपरान्त प्रथम दीक्षान्त समारोह के अवसर पर (शैक्षणिक सत्र 2017-18 से 2022-23 तक) प्रदान किये जाने वाले स्वर्ण पदकों की सूची विद्यापरिषद् की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत।

परीक्षा विभाग द्वारा प्रेषित सूची के अनुसार विश्वविद्याल के सम्बन्धित पाठ्यक्रमों में सर्वोत्कृष्ट छात्र को स्वर्णपदक प्रदान कर पुरस्कृत किया जाता है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षान्त समारोह के अवसर पर पदक प्रदान करने हेतु तैयार सूची के अनुसार सम्बन्धित छात्रों को पदक प्रदान करने हेतु विद्या परिषद् द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। पदक आदि की व्यवस्था परीक्षा विभाग द्वारा की जाएगी।

संकल्प संख्या ८.८. दिनांक ०१.०६.२०२३ से २०.११.२०२३ तक विद्यावारिधि शोध छात्रों की निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार वाक् परीक्षा सम्पन्न की गई। वाक् परीक्षा के उपरान्त प्राप्त रिपोर्ट को शोधोपाधि समिति के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया गया तथा शोधोपाधि समिति की अनुशंसा के आधार पर संबंधित शोध छात्रों को अस्थाई प्रमाण-पत्र जारी करने की संस्तुति प्रदान की गई।

शोध उपाधि समिति द्वारा संस्तुत (28) शोध छात्रों को जारी अस्थायी प्रमाण-पत्र की सूची की विद्या परिषद् द्वारा पुष्टि की गई। विद्या परिषद् द्वारा यह सुझाव भी दिया गया कि शोध छात्रों को अपना शोध प्रबन्ध तैयार करते समय भाषा दक्षता तथा शोध प्रबन्ध तैयार करते हेतु निर्धारित सभी नियमों का पूर्ण रूप से अनुपालन करना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित विभागों द्वारा अपने-अपने विभाग में पंजीकृत शोध छात्रों को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी साहित्यिक चोरी रोकथाम विनियम में प्रदत्त सभी नियमों से भी अवगत करवाया जाए ताकि शोध छात्रों को अपना शोध प्रबन्ध तैयार करते समय किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

अन्त में धन्यवाद के साथ विद्या परिषद् की बैठक सम्पन्न हुई।

(प्रो. प्रेम कुमार शर्मा)
कुलसचिव (प्रभारी) एवं सचिव

(प्रो. मुरलीमनोहर पाठक)
कुलपति एवं अध्यक्ष

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016